Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 अक्तूबर, 2022

डेफएक्सपो 2022

डेफएक्सपो (रक्षा प्रदर्शनी) का 12वाँ संस्करण 18 अक्तूबर से **गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर** में शुरू हो रही है। इस अवसर पर गांधीनगर के महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केन्द्र में कई संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठियों का आयोजन अग्रणी**उद्योग परिसंघों, विचार मंचों, भारतीय रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों, सेना** मुख्यालयों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO), गुणवत्ता महानिदेशालय, **नागर विमानन मंत्रालय और राज्य सरकार** करेंगी। प्रदर्शनी का आयोजन दो वर्ष में एक बार किया जाता है। इसमें सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम और उद्योग, सशस्त्र बलों के लिये रक्षा उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। **पाँच दिन की यह प्रदर्शनी 22 अक्तूबर तक चलेगी।** इस बार का **डेफएक्सपो अब तक का सबसे बड़ा आयोजन** है। यह रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भारत की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। भारत एक समय रक्षा उत्पादों का बड़ा आयातक था, लेकिन**अब वह रक्षा उत्पादों का निर्यात करने वाले विश्व के 25 शीर्ष देशों में शामिल** हो चुका है। अब तक की सबसे बडी रक्षा प्रदर्शनी में इस बार 1136 कंपनियाँ भाग लेगी।

किसान सम्मान सम्मेलन 2022

प्रधानमंत्री मोदी ने 17 अक्तूबर को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में **पीएम किसान सम्मान सम्मेलन 2022** का उद्घाटन किया। उन्होंने **रसायन और उर्वरक मंत्रालय** के तहत **600 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों** का भी शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन उर्वरक परियोजना- एक राष्ट्र एक उर्वरक का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने **प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)** के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत **16,000 करोड़ रुपए की 12वीं किस्त भी जारी** की। प्रधानमंत्री ने **कृषि स्टार्टअप कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी** का भी उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने**उर्वरक पर एक ई-पत्रिका 'इंडियन एज' का भी विमोचन** किया। साथ ही उन्होंने स्टार्टअप प्रदर्शनी पवेलियन का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया।

खेलो इंडिया महिला जूडो नेशनल लीग

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का **आईजी स्टेडियम 20 से 23 अक्तूबर, 2022** तक होने वाली **पहली 'खेलो इंडिया महिला जूडो नेशनल लीग'** की मेज़बानी करेगा। यह लीग जो कि 4 ज़ोन की महिला जूडो खिलाड़ियों के लिये एक राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट है, का आयोजन**जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया** और **युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के खेल विभाग** द्वारा किया जा रहा है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा इस आयोजन और ज़मीनी स्तर पर जूडो के विकास को प्रोत्साहित करने के लिये 1.74 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। 31 भार वर्गों में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 24.43 लाख रुपए है। यह टूर्नामेंट चार आयु समूहों में आयोजित किया जा रहा है-**सब जूनियर (12-15 वर्ष)**, **कैडेट (15-17 वर्ष)**, **जूनियर (15-20 वर्ष)** और **सीनियर (20 वर्ष और उससे अधिक)**। 31 भार वर्गों में शीर्ष 7 जूडो खिलाडियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।राष्ट्रमंडल खेल, 2022 की **रजत पदक विजेता तूलिका मान** के साथ-साथ **विश्व कैडेट जूडो चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता** व इतिहास रचने वाली **लिथोई चनमबाम** टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इस प्रतियोगिता में **कुल 496 जूडो खिलाड़ी** हिस्सा लेंगे। इस राष्ट्रीय लीग के लिये प्रतियोगियों का चयन उनकी रैंकिंग और उनके संबंधित क्षेत्रों यानी उत्तर, दक्षिण, पूर्व एवं पश्चिम में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-october-2022